# Newspaper Clips

## May 24, 2013

Amar Ujala ND 24/05/2013 P-3

# साल भर खराब नहीं होगा दूध

**इंजीनयरिंग छात्र ने किया शोध, आईआईटी दिल्ली ने लगाई मुहर**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पूरी तरह से शुद्ध दूध को अब एक वर्ष तक अधिकतम 62 डिग्री सेल्सियस पर सुरक्षित रखा जा सकेगा। ग्वाला गद्दी समिति की इस तकनीक पर आईआईटी दिल्ली के एक छात्र ने शोध किया है। संस्थान ने शोध पर मुहर भी लगा दी है। दिल्ली के दस सेंटरों से शुद्ध दूध की बिक्री अगले सप्ताह से शुरू की जाएगी।

ग्वाला गद्दी समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह अहलूवालिया ने इस बात की जानकारी प्रेस क्लब में दी। अहलूवालिया ने बताया कि चार वर्षो के शोध के बाद तकनीक विकसित करने में सफलता मिली है। इसके माध्यम से बोतल में बंद दूध को एक वर्ष और प्लास्टिक की थैली में बीस दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। आईआईटी दिल्ली की मुहर लगने के बाद शोधकर्ताओं को अब इसके पेटेंट का इंतजार है।

उन्होंने बताया कि इस दूध को 'जी–टू' नाम दिया गया है। इसे बाजार में सामान्य कीमत (42 रुपये प्रति लीटर) पर बेचा जाएगा। कड़ाही पद्धति से तैयार दूध को बेचने में केमिस्ट एसोसिएशन का सहयोग भी लेने की योजना है। गाय और भैंस के थन से निकाले जाने के अधिकतम 120 मिनट के अंदर सिस्टम से गुजारा जाएगा। इसके बाद इसे कम तापमान पर रखने की जरूरत नहीं रहेगी।

अहलूवालिया के मुताबिक मशीन और तकनीक का पेटेंट मिलने के बाद इसे जरूरतमंद किसानों को मुहैया कराया जाएगा। इसके बाद किसान इसे पैक कर लंबे समय तक संरक्षित रख सकेंगे। इस मशीन की कीमत तीन लाख रुपये निर्धारित की गई है।

Hindustan Times ND 24/05/2013 P-7

# JEE row: CBSE told to give answer keys to students

Aakriti Vasudeva
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Disposing of a petition filed against the Central Board of Secondary Education (CBSE) by 15 students who obtained lower than expected scores in the Joint Engineering Examination (JEE) Main exam, the court directed the board to provide them with their OMR sheet, calculation sheet and answer keys before May 29.

The petition, filed in Delhi High Court on May 13, said the aggrieved students had obtained up to 150 marks lower than they calculated. They sought their optical mark recognition (OMR) sheet, calculation sheet and answer keys from the CBSE so they could review their scores.

The JEE main exam has replaced the All India Engineering Entrance Examination this year for admission to NITs, IIITs and other centrally funded institutes. The petitioner wanted permission to sit for the JEE Advanced exam on June 2, the second level qualifying exam for Indian Institute of Technology(IIT)s, subject to the reviewed outcome of their JEE Main result.

However, at the hearing on Wednesday, the CBSE counsel told the court it had already decided to provide the documents to students. "We informed the court that we have verified the petitioners' question papers and solutions and do not see a change in their marks," said CBSE's counsel Amit Bansal.

The petitioner's lawyer Aashish Mishra said the court directed CBSE to provide his clients with their OMR sheet, calculation sheet and answer keys before May 29. "If we still have any grievance, the court has given us the liberty to file a fresh petition and we will exercise that option if need be," he said.

However, parents of students who have scored low marks are dejected. "We are extremely disappointed. My son Manu Sharma was expecting 220 out of 360 in JEE main but was shocked to get only 81 marks and is not eligible for JEE advanced. We will continue the fight," said Krishna Gopal Sharma, parent of a petitioner.

**Amar Ujala ND 24/05/2013 P-13**

# फिर उड़ान भरेगी 'आकाश' योजना

बृजेश सिंह

पीएमओ से मिली हरी झंडी, प्रोजेक्ट को आईटी मंत्रालय के हवाले करने का संकेत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय ने आकाश टैबलेट को आम लोगों के बीच ले जाने की योजना को हरी झंडी दे दी है। सचिव स्तर की बैठक में यह तय हुआ है कि उन्नत संस्करण के आकाश-4 टैबलेट के उत्पादन तथा खरीद के लिए मानव संसाधन मंत्रालय और आईटी मंत्रालय जल्द फैसला लें। बैठक में यह भी संकेत दिया गया है कि मानव संसाधन मंत्रालय से इस योजना को पूरी तरह आईटी मिनिस्ट्री के अधीन कर दिया जाए।

आकाश टैबलेट के निर्माण तथा खरीद योजना से मानव संसाधन मंत्रालय के पीछे हटने का इरादा जताने के बाद इस योजना के भविष्य पर ही ग्रहण लग गया था। आकाश टैबलेट के विकास तथा निर्माण से जुड़े आईटी (सूचना एवं तकनीकी) मंत्रालय ने इस योजना को आगे बढ़ाने पर जोर दिया था। इसी क्रम में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री कार्यालय से योजना को आगे बढ़ाने के लिए दखल देने की बात कही थी। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पुलक चटर्जी के साथ हुई सचिव स्तर की बैठक में उच्च शिक्षा सचिव अशोक ठाकुर से आकाश टैबलेट की अब तक की परफॉर्मेंस पर जब रिपोर्ट मांगी गई तो उन्होंने आईआईटी मुंबई से रिपोर्ट ज़ल्द मंगाने की बात कही। बैठक में ठाकुर यह भी सही सही नहीं बता सके कि अभी तक कितनी संख्या में आकाश टैबलेट आईआईटी मुंबई को मिल चुके हैं। उन्होंने आईआईटी मुंबई में इन दिनों अवकाश होने की बात कहकर जल्द ही सारी जानकारी पीएमओ को उपलब्ध कराने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार पीएमओ ने आकाश योजना को आगे बढ़ाने का सुझाव देते हुए सलाह दी है कि यदि जरूरी हो तो पूरी जिम्मेदारी आईटी मंत्रालय को दी जा सकती है। यदि भविष्य में यह फैसला लिया गया तो मानव संसाधन मंत्रालय को आकाश टैबलेट की खरीद में सब्सिडी के लिए मिली 750 करोड़ की राशि भी आईटी मंत्रालय को स्थानांतरित की जा सकती है। बैठक में आईटी सचिव जे सत्यनारायण भी मौजूद थे।

Hindu ND 24/05/2013 P-5

# PM lays foundation for defence varsity

## University conceived to facilitate holistic study of defence, strategic security challenges

Ashok Kumar

**GURGAON:** India has a difficult neighbourhood holding full range of conventional, strategic and non-traditional challenges, but our security has never been stronger than it is today and our international relationships have never been more conducive to our national development efforts, said Prime Minister Manmohan Singh while laying the foundation for the first Indian National Defence University (INDU) at Binola village here on Thursday.



*Prime Minister Manmohan Singh in conversation with Haryana Chief Minister Bhupinder Singh Hooda during a function at Binola village in Gurgaon on Thursday.* – PHOTO: PTI

Saying it was imperative that our defence professionals remain abreast of the complex environment we face, Dr. Singh said: "We are living at a moment of history when the world is witnessing change on a scale and at a speed rarely seen before. Nowhere is this change more pronounced than in Asia, where we are witnessing multiple security challenges on account of the intersection of fragile States, internal conflicts, proliferation of arms and terrorist groups...but we must also be conscious of our strategic opportunities. It should prompt a reorientation of our strategic thinking and a reappraisal of our higher defence organisation and that is where this university comes in."

To be set up at an estimated cost of Rs.300 crore on 200 acre of land in Binola and Bilaspur villages of Gurgaon, the university has been conceived to facilitate holistic study of defence and strategic security challenges.

Thanking Haryana Chief Minister Bhupinder Singh Hooda for his "generous" support for the project, Dr. Singh said the proximity of the university to Delhi will facilitate much needed close interaction between its faculty and students and defence policy-makers in the national Capital.

Describing the setting up of the prestigious university in Gurgaon as a befitting addition to the galaxy of premier Central institutes established in Haryana during the past eight years of Congress rule, Mr. Hooda announced Rs.1 crore each for Binola and Bilaspur villages, which gave land for the university. He said setting up of the university will be a tribute to all the soldiers of our country and create the right kind of awareness and information among all key players, especially the decision makers at the highest level.

Defence Minister A.K. Antony said setting up of the university showed the priority the UPA Government attached to the national security and added that it will be fully functional by 2018-19.

Haryana Governor Jagannath Pahadia, External Affairs Minister Salman Khurshid, Social Justice and Empowerment Minister Kumari Selja, Minister of State for Defence Jitendra Singh and the three Services Chiefs were also present.

Millennium Post ND 24/05/2013 P-4

# After DU, JNU seeks approval for four-year UG programme

VARUN BIDHURI

**NEW DELHI:** The introduction of four-year-undergraduate-programme (FYUP) has become the flavour of the season with the prestigious Jawaharlal Nehru University (JNU) planning to go for it in 2014-15 after its older counterpart Delhi University deciding to adopt it from the very next academic session.

The Ambedkar University of Delhi (AUD), the youngest university in the government sector, has already introduced multi-exit four-year undergraduate degree programme.

JNU has sent a proposal to the University Grants Commission (UGC) under the innovation university scheme for starting under graduate school in the university. Though JNU VC S K Sopory confirmed that a proposal has been sent to the UGC, he refused to answer whether it was for a a three-year or four-year course.

'We have sent the proposal to the UGC and once we get a positive response we will decide on the course structure and content' said Sopory.

The JNU proposal to the UGC mentions though mentions that the school of under graduate studies will have courses which will be feeder for the Post Graduate courses, that are already being run on the campus.

According to sources, 'DU is introducing FYUP under the similar concept of having feeder undergraduate courses for the post graduate programmes. Under the scheme a student having completed FYUP can earn the credits to become a PG in major discipline in a year's time.'

As of now JNU runs three years under-graduate degree programmaes for the foreign languages. Theses students have to do two year course to get the Masters degree.

'The time spent for becoming master would thus remain the same even when the FYUP is introduced,' source added.

Hindustan ND 24/05/2013 P-16

# शिक्षकों को शिक्षा प्रबंधन सिखाएंगे आईआईएम

नई दिल्ली | मदन जैड़ा

देश के टॉप बी स्कूल आईआईएम बिजनेस के बाद अब एजुकेशन प्रबंधन के क्षेत्र में भी उतरेंगे। कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की गुणवत्ता सुधारने के लिए चार आईआईएम क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना करेंगे।

इन केंद्रों में शिक्षा प्रबंधन से जुड़े विशेष कोर्स चलाए जाएंगे, जिसका मकसद विश्वविद्यालयों के शिक्षकों का कौशल विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप विकसित करना है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में चार आईआईएम में रीजनल एजुकेशनल मैनेजमेंट केंद्रों की स्थापना होगी। इसके लिए आईआईएम इंदौर, बेंगलुरु, लखनऊ और कोझिकोड का चयन किया गया है। आईआईएम के मौजूदा कैंपस में ही अलग से एक रीजनल केंद्र स्थापित होगा, जिसमें सेवारत शिक्षकों के लिए अंशकालिक, पूर्णकालिक, ऑनलाइन और आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस पर आने वाले खर्च का आकलन किया जा रहा है। क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना के पीछे आईआईएम की योजना शिक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में उतरने के साथ-साथ अन्य सेवारत कार्मिकों के लिए भी पूर्णकालिक कोर्स शुरू करना है।

अभी आईआईएम सरकारी कार्मिकों या कॉरपोरेट क्षेत्र के शीर्ष अधिकारियों के लिए ही चुनिंदा सर्टिफिकेट कोर्स चलाते हैं।

**Economic Times ND 24/05/2013** P-6

# Top B-School Grads now Keen on an Innings with Microfinance Cos

Students from IIMs & XLRI look to work with companies that are neither profit-focused nor immersed in social causes

## Tapping New Recruits

**Janalakshmi Financial Services**

**Hired from** IIM-B and IIM-L

**Hired 65** management graduates including 2 from TISS, while last year they roped in just 20 students

**Bandhan Microfinance**


**Overall 16** interns in 2013 from IIMs and 12 in 2012

**Received applications** from Calcutta University, Azim Premji University

**Ujjivan Financial Services**

**Formed management** development programmes to chart career management

**Hired students** from XIM, Bhubaneswar and TISS



**CHALLENGES**

- Average salary of ₹8-9 lakh makes it difficult to hook an IIM student
- Some enter the sector thinking it's a step away from the finance industry
- Students have to be willing to work in non-urban areas

**DEVINA SENGUPTA & BISWARUP GOOPTU**
BANGALORE

The micro-finance sector which spent some months setting its house in order is now making a quiet recovery. While banks and investors are making a cautious re-entry and now micro-finance firms are homing in on top management colleges to attract the best talent. Students too want work experience with companies that are neither profit-focused nor immersed in social causes. Micro-finance firms fit the bill and are entertaining resumes from the likes of IIMs and XLRI for internships and recruitments. The numbers are tentative but it appears that students are willing to forego hefty salaries and tread the middle path.

Janalakshmi Financial Services, a microfinance institution, hired its first IIM graduate from Lucknow (IIM-L) in 2011. And, after a gap of two years, it hired another from IIM Bangalore (IIM-B). The firm, which had loan disbursements of ₹1,000 crore in the last financial year and plans another ₹2,500 crore in the new one, received 17 resumes, short-listed five and selected one from IIM-B. The number may be small but the interest is growing.

This year, the firm hired 65 management graduates including two from the Tata Institute of Social Sciences (TISS), while last year it roped in just 20 students. They have had 35-40 interns in the last three years from second-rung management colleges and plan to look at IIMs for its 2014 placements.

"We are just like any another bank with smaller valuations. We now want to expand our target. Though we are not urban, we use software products and have performance management systems in place," says VS Radhakrishnan, MD and CEO of the Bangalore-based micro-finance institute.

The student from IIM-B will handle technology, strategy and planning while those who get hired from TISS will look at operations such as running branches, added Radhakrishnan, an IIM-A alumnus himself. The Indian microfinance sector, once valued at ₹26,000 crore, has been in a fire-fighting mode since late 2010, when Andhra Pradesh imposed tight regulations on microfinance firms citing usurious interest rates and the use of coercion to recover loans.

> **MFIs are looking at resumes from the likes of IIMs and XLRI for internships and recruitment**

Bandhan Microfinance, India's largest micro-lender in terms of loan disbursements, has done one better. According to CS Ghosh, chairman and managing director, the MFI has had a steady flow of interns from IIM Calcutta over the last five-to-six years.

"A number of students, who attend the guest lecture that I conduct at IIM-C every year on development and micro-finance, have come and interned with us. We have also had students from the London School of Economics working with us as interns last year," he said. We are yet to hire from these top rung B-schools, says Ghosh. The MFI had 12 interns from IIMs in 2012 and 16 this year.

Bandhan Microfinance's research team is responsible for selecting students and has received applications from Calcutta University, Azim Premji University and, for the first time, feelers have come from students of Indian Institute of Foreign Trade, too.

"Dynamics of the microfinance industry and the exposure it gives attract MBA graduates these days," says Rajiv Mishra, chairperson, placement, XLRI. The first microfinance company to hire from the Jamshedpur-based management college was FINO PayTech, this year. It recruited a student for a project management profile.

Getting students from top B schools at an average salary of ₹8 lakh is difficult and microfinance companies prefer initiating students into their world through internships.

IIM Lucknow had MicroSave pick up three interns this year and wants to take this interest amongst students to the next level. "We have observed an increase in the number of students who are interested in exploring career options in micro-finance. We are planning to engage these organisations in creating a suitable profile for management graduates," said the placement team of the management college.

Industry players see these steps by colleges as a sign of recovery. "Now that we are coming out of the crisis, we see a resumed interest in our industry. We get interns from Ivy League colleges and have 20 interns this year but will definitely start hiring soon," said Samit Ghosh, founder of Ujjivan Financial Services. They also have management development programmes since 2006 and take students from XIM, Bhubaneswar and TISS.

devina.sengupta@timesgroup.com

Navbharat Times ND 24/05/2013 P-15

# की-बोर्ड से बीमार हो रही हैं उंगलियां



कंप्यूटर पर लगातार काम करने से होता है असर

**बीमारी का नाम** कार्पल टनल सिंड्रोम (सीटीएस)

**लक्षण** हाथों में झनझनाहट, उंगलियों में कमजोरी, हाथ कंधे तक उठाने में दर्द महसूस होना।

**राहुल आनंद** || नई दिल्ली

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर** अभिषेक के हाथ की उंगलियों में अब पहले जैसी ताकत नहीं रही। उसके हाथ में संवेदना की कमी होने लगी। किसी चीज को पकड़ने में उसे दिक्कत होती थी, वह हाथ को कंधे तक उठाने में दर्द महसूस करता था। जब वह डॉक्टर के पास पहुंचा तो उसे पता चला कि कंप्यूटर के की-बोर्ड पर सालों से थिरकती उंगलियां बीमार हो चुकी हैं। उंगलियों में होने वाली इस बीमारी को मेडिकल लैंग्वेज में कार्पल टनल सिंड्रोम (सीटीएस) कहा जाता है। ऑर्थोपेडिक कंसलटेंट डॉ. विवेक शामा बताते हैं कि सीटीएस का अटैक युवाओं पर ज्यादा हो रहा है।

### ज्यादातर युवा हैं चपेट में

शामा अस्पताल के प्रमुख डॉ. विवेक शामा का कहना है कि हर महीने इस बीमारी के 10 से 12 ऐसे मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से 70 पर्सेंट लोगों की उम्र 25 से 40 साल के बीच है। कंप्यूटर पर लंबे समय तक काम करने की वजह से युवाओं में सीटीएस की प्रॉब्लम देखी जा रही है। अगर आप लंबे समय तक कंप्यूटर पर बिना रुके काम करते हैं तो आपके हाथों में संवेदनाओं की कमी हो सकती है। हाथों में झनझनाहट, हाथ की उंगलियों में कमजोरी, हाथ कंधे तक उठाने में दर्द महसूस



**10-12** मरीज हर महीने करा रहे हैं इलाज

**70%** पेशंट 25-40 साल के बीच हैं

हो रहा हो तो सतर्क हो जाएं। ये लक्षण हैं सीटीएस के।

### कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स का भी असर

एम्स के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सी. एस. यादव के अनुसार, डायबीटीज, गठिया के मरीजों में इस बीमारी के होने की संभावना ज्यादा होती है। जो महिलाएं कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स का लगातार सेवन करती हैं, उनमें भी इसका अटैक बढ़ने की संभावना होती है। कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स की वजह से हार्मोनल चेंज होता है, जिससे यह बीमारी बढ़ सकती है।

### इंपोर्टेंट है कार्पल टनल

डॉक्टर शामा कहते हैं कि कलाई की विभिन्न हड्डियों को आपस में जोड़ने का काम कार्पल टनल करती है। यह हड्डियों और सख्त टिशू से घिरी पतली सुरंग से बनी होती है। इस रास्ते से उंगलियों और अंगुठे की नसें गुजरते हुए मिडल नर्व तक पहुंचती हैं। जहां ये सभी नसें टिशू और हाथ की हड्डियों को जोड़ती हैं, जिससे उंगलियां आसानी से चल पाती हैं। उंगलियों को हिलाने पर नसों के टनल से बार-बार रगड़ खाने से मिडल नर्व पर प्रेशर पड़ता है। इससे उंगली और हाथों में सुन्नपन, कमजोरी, झनझनी पैदा होती है। उंगलियों को बहुत अधिक समय तक काम में लेने से नसों और टनल के बीच की चिकनाई कम हो जाती है। इसके साथ हार्मोनल बदलाव, गठिया या अन्य कारक भी मरीज को गंभीर बना सकता हैं।

### मिलना चाहिए फिंगर्स ब्रेक

कंप्यूटर पर काम के दौरान बीच-बीच में उंगलियों को थोड़ी-थोड़ी देर में रेस्ट दें। यदि किसी तरह का दर्द महसूस हो रहा हो तो डॉक्टर को दिखाएं। इसका इलाज संभव है और इससे बचा भी जा सकता है।

### आराम और दवा की जरूरत


बीमारी की शुरुआत में रात में कलाई में पट्टी पहनें। इससे कलाई मुड़ने से बचती है। कलाई को आराम और दवा से फायदा होता है। परेशानी बढ़ने पर इसकी सर्जरी की जाती है।

Rajasthan Patrika Kota 23-05-2013 P-4

# कोटा का अर्पित गिनीज बुक में

## मुम्बई आईआईटी में क्यूबिक के प्रदर्शन में दर्ज हुआ नाम

## लिम्का बुक ने भी रिकार्ड दर्ज किया



कोटा

cityreporter.kota@patrika.com

कोटा के एक छात्र अर्पित पारीक का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड और लिम्का बुक में दर्ज हुआ है। पिछले दिनों गिनीज बुक से उसे प्रमाण पत्र भी मिल गया।

कोटा निवासी यह छात्र मुम्बई आईआईटी का छात्र है। मुम्बई आई आईटी कॉलेज में गत दिनों गिनिज बुक वर्ल्ड की टोली के 18 मार्च को 2012 समक्ष एक हजार छात्रों ने एक साथ रूबीक्स क्यूब का प्रदर्शन किया था। इसमें 937 छात्रों ने सात स्टेप और 90 सैकण्ड में इसे पूरा कर लिया था। इस विश्व रिकार्ड बनाने वाले दल में अर्पित भी शामिल थे। औपचारिकताओं के बाद पिछले दिनों इसे गिनीज बुक में दर्ज कर इसके प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। लिम्का बुक ने भी इसे राष्ट्रीय रिकार्ड में दर्ज किया है। इससे पहले यह रिकार्ड एक साथ तीन सौ छात्रों ने बनाया था। अर्पित आईआईटी के बाद अब आईएएस की तैयारी कर रहा है। उसके पिता सच्चिदानंद पारीक अध्यापक हैं।